हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

सेवा सेतु शिविर में ग्रामीणों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी



खबर संक्षेप

प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

जशपुरनगर। आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला जशपुर द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है, उन्हें इस योजना के तहत तात्कालिक सहायता प्रदान की जाएगी। पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर में जमा कर सकते हैं। आवेदन फार्म विभागीय पोर्टल या कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। पात्रता विद्यार्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का हो, पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। शासकीय सेवक के आश्रित पात्र नहीं होंगे, केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बच्चे पात्र होंगे।

जिले में 7 तक लगेंगे क्लस्टरवार शिविर

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना ₹सेवा संकल्प अभियान₹ के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले के सभी 8 जनपद पंचायतों - बगीचा, फरसाबहार, दुलदुला, मनोरा, कांसाबेल, जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में क्लस्टर बनाकर 1 से 7 अक्टूबर तक शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक क्लस्टर में 10 से 20 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, हाई स्कूल प्रांगण, माध्यमिक शाला भवन एवं सामुदायिक भवन में किया जाएगा। जनपद पंचायत बगीचा में चार क्लस्टरों में शिविर लगेंगे। प्रत्येक शिविर के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संबंधित तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा संबंधित विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

राज्य स्तरीय रोजगार मेला 7 व 8 को

जशपुरनगर। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 7 एवं 8 अक्टूबर को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में किया जाना है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जिला जशपुर के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देशित किया है कि मेले के रिक्तियों की जानकारी रोजगार के अवसर रोजगार मेला राज्य स्तरीय रोजगार मेला में देख सकते हैं। इन रिक्तियों का अधिकतम लाभ राज्य के युवाओं को प्राप्त हो, तथा वेकेंसी अनुरूप संख्या में पात्र अभ्यर्थी रोजगार मेले में उपस्थित होकर सलेक्शन एवं ज्वाइनिंग प्राप्त करें। इस हेतु ग्राम पंचायत वार्ड स्तर पर मुनादी, वाट्सएप ग्रुप पर मेले की जानकारी, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक तथा वार्ड स्तर पर संबंधित मैदानी अमला संभावित अभ्यर्थियों से संपर्क कर उनकी उपस्थिति रोजगार मेला दिनांक को सुनिश्चित करें।

मिर्ची की बोरियों के नीचे छिपाकर गांजा ले जा रहे थे तस्कर

लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर 440 किलो अवैध गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम एवं थाना तपकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर एक टाटा आईसर मिनी ट्रक से 440.63 किलो अवैध गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए ओडिशा बॉर्डर से लगे लावाकेरा पुलिस चेकिंग पॉइंट पर विशेष एंटी नारकोटिक्स टीम को तैनात किया गया है। टीम द्वारा लगातार संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा की ओर से एक वाहन में गांजा लेकर तस्कर जशपुर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना पर आज 2 अक्टूबर को सुबह लगभग 9 बजे लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर एंटी नारकोटिक्स ⏭ शेष पेज 2 पर



एंड टू एंड विवेचना जारी

प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे उक्त अवैध गांजा ओडिशा के बोध क्षेत्र से लेकर प्रयागराज, उत्तर प्रदेश जा रहे थे। पुलिस द्वारा गांजा किस व्यक्ति से खरीदा गया था तथा उत्तर प्रदेश में किस व्यक्ति तक पहुंचाया जाना था, इस संबंध में एंड-टू-एंड विवेचना की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में गांजा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। प्रकरण में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

ओडिशा से यूपी ले जाया जा रहा था गांजा

चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रहे टाटा आईसर मिनी ट्रक क्रमांक यूपी-71-टी-6592 को संदेह के आधार पर रोककर जांच की गई। वाहन में बैठे दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम मो. वसीम उम्र 28 वर्ष एवं मो. आसिफ उम्र 34 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम मुंडेरा, थाना दूंमनगंज, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश बताया।पुलिस टीम द्वारा ट्रक में लोड सामान के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि ट्रक में मिर्ची की बोरियां लोड हैं, जिन्हें वे ओडिशा से लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे हैं। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा वाहन में लोड सामान की बारीकी से जांच की गई।

मिर्च की बोरियों के नीचे छुपाया था गांजा

जांच के दौरान ट्रक के ऊपर की ओर मिर्ची से भरी बोरियां मिलीं। पुलिस टीम द्वारा इन बोरियों को हटाकर नीचे रखी बोरियों की जांच की गई, तो उनमें टेप से लिपटे हुए पैकेट मिले। पैकेटों को खोलकर जांच करने पर उनमें अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर गवाहों की उपस्थिति में जांच करने पर कुल 14 बोरियों में 440 पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 440.63 किलोग्राम पाया गया।

वाहन सहित अन्य सामान जब्त

पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से बरामद गांजे के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर पुलिस टीम द्वारा दोनों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 440.63 किलोग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त टाटा आईसर मिनी ट्रक क्रमांक **UP**-71-**T**-6592 विधिवत जप्त किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 02 करोड़ 20 लाख 31 हजार 500 रुपये तथा जप्त टाटा आईसर मिनी ट्रक की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। इस प्रकार मामले में पुलिस द्वारा कुल 02 करोड़ 40 लाख 31 हजार 500 रुपये की जप्ती की गई है।मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना तपकरा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

जादू टोना का शक में बुजुर्ग पर चढ़ाई बोलेरो



जशपुरनगर। इक्कीसवीं सदी में रहने के बावजूद अब भी लोग जादूटोना के शक के प्रभाव से नहीं निकल पा रहे है।इसी झाड़ फूंक एवं जादू टोने के चक्रव्यूह से बाहर आने की बजाय लोग लड़ाई झगड़ा, मारपीट एवं एक दूसरे की हत्या तक करने से नहीं चूक रहे है।

- हत्या को दुर्घटना का रूप देने का किया गया प्रयास

अभी तजा घटना में जिले के थाना बगीचा क्षेत्र में आने वाले ग्राम जामपानी सरबकोम्बो निवासी जोयो राम उम्र 68 वर्ष की 29 सितंबर को मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना बगीचा में धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। मृतक के शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के शव के पंचनामा के दौरान ⏭ शेष पेज 2 पर

हत्या की पूर्व योजना

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आरोपी दीपक यादव पिता कुरशो यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी जामपानी सरबकोम्बो को दबिश देकर दिनांक 1 अक्टूबर को हिरासत में लिया गया।पुलिस की पूछताछ पर आरोपी दीपक यादव के मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने पाया कि, मृतक जोयो राम की पत्नी पर जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए आरोपी पक्ष द्वारा पूर्व में कई बार उसे समझाने की बात सामने आई। इसके बावजूद कथित रूप से जादू-टोना करना बंद नहीं करने की बात कहते हुए आरोपी दीपक यादव, उसके पिता एवं चाचा के द्वारा दिनांक 29 सितंबर को दोपहर में जोयो राम की हत्या करने की योजना बनाई गई।योजना के अनुसार जोयो राम के मक्का खेत की ओर जाने की जानकारी होने के कारण उसे वहीं वाहन से कुचलकर हत्या करने तथा घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने की योजना बनाई गई।

जशपुर में चला स्वच्छता श्रमदान अभियान

जशपुरनगर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2026 एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत 01 अक्टूबर को जिलेभर में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ की थीम पर व्यापक श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं।

- ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों, स्वच्छाग्रहियों, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने एकजुट होकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस दौरान सड़कों, नालियों, सार्वजनिक परिसरों, बाजार क्षेत्रों, जलस्त्रोतों तथा आसपास के स्थानों की साफ-सफाई की गई। प्रतिभागियों ने जगह-जगह जमा कचरे एवं प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी स्वयं श्रमदान में हिस्सा लेकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित किया।



श्रमदान के दौरान ग्रामीणों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छाग्रहियों एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने लोगों को समझाया कि स्वच्छता केवल किसी विशेष अभियान या दिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाना आवश्यक है। इस दौरान लोगों ने अपने गांव और आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से स्वच्छता के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया जा सकता है तथा स्वच्छ वातावरण से गांवों में स्वस्थ एवं बेहतर जीवन का आधार तैयार होता है। जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित श्रमदान गतिविधियों में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं और स्वच्छाग्रहियों ने भी स्वच्छता गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के दौरान स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव का संदेश देते हुए स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर जारी रखने और गांवों को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर

जशपुरनगर। जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मटासी में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से चालक के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उसके साथ बाइक पर बैठी महज दो साल की बच्ची पूरी तरह सुरक्षित रही। बच्ची को हादसे में एक खरोंच तक नहीं आई। घटना के बाद नारायणपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया।

- बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोरातराई निवासी शंकर चौहान शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी दो वर्षीय बच्ची को बाइक पर बैठाकर अपने ससुराल की ओर जा रहा था। वह स्टेट हाईवे-17 से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान मटासी के पास पुटुकेला चौक के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर जा गिरी। हादसे में बाइक चला रहे शंकर चौहान के सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के दौरान बाइक के साथ सड़क पर गिरने के बावजूद दो साल की बच्ची को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्ची को एक खरोंच तक नहीं आई, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही नारायणपुर थाना पुलिस सक्रिय हुई।



पुलिस ने बच्ची को उसके परिजनों को किया सुपुर्द

थाना प्रभारी गौरव पाण्डे ने मामले में तत्परता दिखाते हुए तत्काल 112 एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस स्टाफ की सहायता से गंभीर रूप से घायल शंकर चौहान को 112 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए कुनकुरी अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस टीम ने बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और उसे लेकर ग्राम जोरातराई पहुंची, जहां बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



जशपुरनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पीएम श्री सेजेस मनोरा, जिला जशपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्री संशोधन मिंज के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी शिवचरण भगत के नेतृत्व में किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय पहुंच मार्ग, हाई स्कूल ग्राउंड, विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री मुक्तेश्वर राम ने महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन एवं उनके स्वच्छता संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला।

ग्राम सभाओं में स्वयंसेवकों ने चलाया जनजागरूकता अभियान

जशपुरनगर। गांधी जयंती पर आयोजित 'रिफॉर्म उत्सव' के अंतर्गत मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के स्वयंसेवकों द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में सहभागिता की गई।



इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को मेरा युवा भारत की विभिन्न गतिविधियों, युवा सहभागिता एवं उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उनकी पात्रता एवं मिलने वाले लाभों के संबंध में जागरूक किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। स्वयंसेवकों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। यह जनजागरूकता एवं सहभागिता ⏭ शेष पेज 2 पर

बासनताला स्कूल की बालिकाओं का प्राचार्य ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जहां एक और कुनकुरी विकासखंड की तरफ से जिला स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी बालिकाएं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की थी, जिन्होंने सराहनीय प्रदर्शन के साथ एक तरफा जलवा दिखाते हुए फाइनल मैच में जीत दर्ज करते हुए तथा अपने विद्यालय एवं कुनकुरी विकासखंड का मान बढ़ाते हुए संभाग स्तरीय बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित किया वहीं संभाग स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता सरगुजा में जशपुर जिला की ओर से सभी बालिकाएं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की थी, जिन्होंने दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास के साथ अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मैच में सूरजपुर तथा फाइनल मैच में कोरिया की टीम को पराजित किया तथा प्रथम स्थान का ताज अपने नाम करते हुए न केवल अपने विद्यालय बल्कि विकासखंड कुनकुरी तथा जशपुर जिला का सम्मान बढ़ाते हुए प्रांत स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिए हैं 1 मिली अद्भुत कामयाबी से पूरे विद्यालय परिवार में खुशियों की लहर छाई हुई है तथा प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान के द्वारा मिली बड़ी उपलब्धि के लिए व्यायाम अनुदेशक मायाराम कुजूर एवं प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाली सभी बालिकाओं को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा प्रांत स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में कामयाबी का परचम लहराने के लिए ढेर सारी दुआएं दी। टीम में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ियों में अंबिका कश्यप,असीता तिग्गा रीता रोश रौना, रौनक कुजूर, रिया भगत, राम कुमारी हसदा, शिवानी भगत थी।

कुष्ठ मुक्त भारत के लिए दिलाई गई शपथ

कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार की दी गई जानकारी

जशपुरनगर। गांधी जयंती पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने "कुष्ठ मुक्त भारत"बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. जी.एस. जात्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.आशुतोष तिर्की, जिला कुष्ठ अधिकारी, डॉ. आरएस पैंकरा, पूर्व डीएलओ, डॉ. रोशन बरियार, नोडल अधिकारी टीबी कार्यक्रम, श्री देवेंद्र राठौर, सहायक नोडल लेप्रोसी, श्रीमती मनीषा कुजूर, श्री रुस्तम अंसारी, श्री टी.एस. साहू, श्री ईश्वर पाटिले, श्री रमेश राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीएनएम नर्सिंग छात्राओं के लिए भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रानी यादव ने प्रथम, साक्षी मिश्रा ने द्वितीय तथा कलावती श्रीवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पूर्ण उपचार संभव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने बताया कि कुष्ठ एक पुरानी और धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है। शरीर पर रंग से अलग दाग-धब्बे, तेलिया-तमिया चमक तथा उस स्थान पर संवेदना कम होना या सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई देने पर कुष्ठ रोग की संभावना हो सकती है। ऐसे मामलों में बिना देरी किए स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर जांच एवं उपचार कराना चाहिए। उपचार में देरी होने पर विकृति की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग किसी पाप का फल नहीं है और इसे लेकर समाज में व्याप्त भय एवं भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है।

लक्षणों की दी जानकारी

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.आशुतोष तिर्की ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर की त्वचा पर दाग-धब्बे या चकत्ते, जिनमें सुन्नपन हो, त्वचा के रंग से अलग तेलिया-तमिया चमक वाले निशान, नसों में मोटापन या सूजन, हाथ-पैरों में झुनझुनी अथवा सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा चेहरे पर, विशेषकर भौंहों के ऊपर, ठोड़ी या कानों में गठान, सूजन अथवा मोटापन तथा हाथ-पैरों में बार-बार फफोले आना या पैरों में ऐसा घाव होना जो ठीक न हो रहा हो, कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति में इनमें से एक या एक से अधिक लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण वाले व्यक्ति की जानकारी नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता को देना चाहिए, ताकि समय पर जांच एवं उपचार किया जा सके।

खबर संक्षेप

सितम्बर माह में 11 कोल कामगार ड्यूटी से हुए रिटायर

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों व कर्मशालाओं में पदस्थ 11 कोल अधिकारी व कर्मचारी बुधवार 30 सितंबर को कम्पनी ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त कामगारों के सम्मान में यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई,सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मियों में डिप्टी मैनेजर माइनिंग सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव,ऑफिस सुप्रिटेंडेंट जयनंदन, सर्पोट मिस्त्री बागर राम,सीनियर डाटा एँट्री ऑपरेटर चंचल पॉल,सीनियर क्लर्क वी.के गुप्ता,टेंडल जमादार शिवशंकर साहू,पति राम जनरल असिस्टेंट,शोभित राम पंप ऑपरेटर,कामदेव सिंह फोरमैन इंचार्ज इलेक्ट्रिकल,सजल मित्रा केटेगरी 6 एवं वेल्डर रामलाल पटेल के नाम शामिल हैं।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण व स्वास्थ्य की दी गई जानकारी



मानीचौक। ग्राम पंचायत पोड़ी खास में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को पोषण, स्वस्थ खान-पान तथा बेहतर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रूप से गोद भराई कार्यक्रम कराया गया और उन्हें पोषण थैली दिया गया वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर माया तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूबाला सिंह, दीपा सिंह, लक्ष्मी सिंह, उप सरपंच सोनकुमारी,आरती दास, ममता देवांगन, पूनम, कंचन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाया गया शिविर, हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड



सोनगरा। नगर पंचायत जरही में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसमस्या निवारण एवं जन सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े और सीएमओ दयाशंकर गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित शिविर में नागरिकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदन भरवाए गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी और शुगर की जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर के माध्यम से वार्ड वासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, तरंग मित्तल एवं मुकेश मिंज उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सरहरी में आंगन मिलन कार्यक्रम, 7 महिलाओं की गोद भराई



पोड़ीमोड़। ग्राम पंचायत सरहरी के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने पंचायत भवन में आंगन मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा सिंह ने गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी तथा समय-समय पर टीका लगवाने के लिए की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने खानपान में हरे साग भाजी का उपयोग हमेशा करना चाहिए जिससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को भी बताया जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदना योजना सुकन्या समृद्धि योजना शामिल है। ग्रामीण स्तर पर निरंतर सेवा सेवा देने के उपलक्ष में कार्यकर्ताओं सहायिका एवं मितानिन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नंदा यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, राम शरण कुशवाहा, शिवचरण सोनपाकर,श्रीमती राधिका नापित, मानकुंवर सिंह, कांति कुशवाहा, रुक्मणी कुशवाहा, लता कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संयुक्त दल ने राजापुर के चट्टान घाट से चार वाहनों को पकड़ा

मानसून थमते ही रेत की अवैध तस्करी ने पुनः पकड़ा जोर रोजाना दर्जनों वाहन पहुंच रहे संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर



जब्त टीपर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मानसून की रवानगी के साथ जिले में रेत के अवैध कारोबार ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। जिले के विभिन्न रेत घाटों से रोजाना बड़ी संख्या में मिनी ट्रकों के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर भेजे जाने की बात सामने आ रही है, वहीं कार्रवाई के नाम पर खनिज विभाग और जिला स्तरीय टास्क फोर्स की टीम लगातार वाहनों की धरपकड़ कर रही है।

खास बात

- जयनगर पुलिस के किया गया सुपुर्द

सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने सूरजपुर विकासखंड के राजापुर स्थित चट्टान घाट में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत परिवहन में लगे चार वाहनों को पकड़ा है,सभी वाहनों को जयनगर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।खनिज विभाग के अनुसार जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है,जांच के दौरान पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी, ईंट, रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर मशीनरी और वाहनों को नियमानुसार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। साथ ही संबंधितों से अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है।

बारिश के मौसम में अवैध उत्खनन में आई थी कमी

स्थानीय स्तर पर रेत के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार कुछ वर्ष पहले तक जिले में करीब 60 से 70 वाहनों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किए जाने की खबर थी, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 200 से अधिक वाहनों तक पहुंचने की बात कही जा रही है। मानसून के दौरान रेत का अवैध कारोबार कुछ हद तक ही जारी रह पाया, नदी-नालों में पानी का जलस्तर अधिक होने के कारण इसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कम थी।वर्तमान में पिछले चार-पांच दिनों से बारिश थमने और नदी-नालों का जलस्तर घटने के बाद रेत उत्खनन और परिवहन ने फिर से तेजी पकड़ ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह होते ही विभिन्न घाटों पर वाहनों की कतार लग जाती है और दिनभर रेत की खुदाई एवं परिवहन का सिलसिला चलता है।

कई घाटों पर अवैध परिवहन का का चल रहा कारोबार

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र का कुरवाँ रेत घाट, जयनगर थाना क्षेत्र के राजापुर और कांसापारा तथा करंजी चौकी क्षेत्र का रुनियाडीह सहित कई स्थानों पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वाहन रेत लेकर अंबिकापुर की ओर जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बड़े पैमाने पर चल रहे इस कारोबार की तुलना में कार्रवाई का दायरा काफ़ी सीमित है,उनका कहना है कि यदि विभाग नियमित रूप से सभी प्रमुख घाटों और परिवहन मार्गों पर निगरानी बढ़ाए तो अवैध उत्खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। वहीं खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

अवैध रेत एवं गिट्टी परिवहन करते 4 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। शासन के सख्त निर्देश के बावजूद रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है। वर्तमान में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद दबंग धड़ल्ले से नदी-नालों से अवैध तरीके से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। क्षेत्र में बिना पिट पास के गिट्टी का भी परिवहन किया जा रहा है। खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को शहर से सटे अलग-अलग मार्गों पर अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई की। खनिज विभाग की टीम ने खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की तो तीन टीपर बिना पिट पास रेत परिवहन करते वहीं एक टीपर अवैध गिट्टी परिवहन करते पाया गया। टीम ने खनिज नियमों के तहत अवैध परिवहन में शामिल चारों वाहनों को जब्त किया है।
इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन के मामले में विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले एक सप्ताह में अवैध खनिज परिवहन के मामले में एक दर्जन से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है।



पीएम श्री स्कूल महूली में एक साल से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत महूली स्थित पीएम श्री प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पिछले एक साल से पेयजल की समस्या है। स्कूल परिसर में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को दूर जाकर पानी पीना पड़ता है। वहीं पानी के अभाव में शौचालय का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है।

- शौचालय का उपयोग बंद

स्कूल से कुछ दूरी पर आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे सोलर ड्यूल पंप लगा है। इस पंप से पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कई बार प्रयास किया गया लेकिन पाइप बार-बार टूट जाने के कारण व्यवस्था सफल नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि पंप से ग्रामीण भी पानी लेते हैं और वहां पानी की उपलब्धता भी सीमित है। बार-बार मरम्मत एवं व्यवस्था पर राशि खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। पानी और शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को शौच के लिए स्कूल परिसर से दूर जंगल की ओर जाना पड़ता है। ग्राम महूली गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगा हुआ है, जहां जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बच्चों के सामने जहरीले कीड़े-मकोड़ों अथवा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल परिसर में ही स्थायी पेयजल व्यवस्था की मांग की है। समस्या को लेकर पीएम श्री स्कूल समिति के अध्यक्ष रामचंद्र जायसवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर समस्या से अवगत करा स्कूल परिसर में तत्काल नया बोरवेल एवं क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पंप एवं पानी की टंकी लगाने की मांग की है।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोतीलाल राजवाड़े ने बताया कि स्कूल में पेयजल समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे लगे सोलर ड्यूल पंप में पानी की कमी है। स्कूल तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन पाइप बार-बार टूटने के कारण व्यवस्था नहीं बन पाई है। जल्द ही स्कूल में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग सम्मेलन में गूंजी सरगुजिहा और कुड़ुख की मिठास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माटी के भाखा मा हृदय के स्पंदन बसे रहिथे इसी चेतना के साथ बेमेतरा में संपन्न हुए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के 10वें प्रांतीय सम्मेलन में सरगुजा अंचल की साहित्यिक और भाषाई समृद्धि का डंका बजा। 26-27 सितंबर को आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में जहां पूरे प्रदेश से 500 से अधिक भाषाविद् और साहित्यकार जुटे, वहीं सरगुजा के साहित्यकारों को मिले सम्मान और अंचल की बोलियों पर हुए विमर्श ने प्रांतीय पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

- बेमेतरा में सरगुजा के साहित्यकारों ने छोड़ी छाप

सम्मेलन का उद्घाटन सत्र सरगुजा अंचल के लिए विशेष गौरव का क्षण लेकर आया। मंच पर वरिष्ठ साहित्यकार श्याम कश्यप बेचैन और भोला प्रसाद मिश्र अनाम को मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र की उपस्थिति में राज्य स्तरीय साहित्यिक सम्मान से अलंकृत किया गया। आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि आज सरगुजिहा, कुड़ुख और हल्बी जैसी आंचलिक बोलियों को प्रांतीय स्तर पर इतना मजबूत मंच मिल रहा है। छत्तीसगढ़ी साहित्य और संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ अंचल की सभी क्षेत्रीय बोलियों को एक सूत्र में पिरोने और उन्हें उचित सम्मान दिलाने का प्रभात मिश्र का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा। विशेष रूप से श्याम कश्यप बेचैन का यह सम्मान सरगुजा के साहित्यिक अवदानों की एक बड़ी स्वीकृति है। श्याम कश्यप इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मानित होते रहे हैं। उन्होंने देश भर के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी मर्मस्पर्शी ग़ज़लों और गीतों के शानदार काव्य-पाठ से सरगुजा का नाम रोशन किया है। प्रादेशिक बोलियों और आंचलिक अभिव्यक्तियों पर केंद्रित छठवें सत्र में सरगुजा से पधारे साहित्यकार श्रीश मिश्र का व्याख्यान आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। सम्मेलन में भाषाई विविधता केवल सरगुजिहा तक सीमित नहीं रही। इसी सत्र में डॉ. ईशा बेला लकड़ा ने सरगुजा संभाग की प्रमुख जनजातीय भाषा कुड़ुख पर अपना विशेष वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस दौरान सरगुजा अंचल की अन्य समृद्ध जनजातीय एवं लोक बोलियों जैसे कोरवा, पंडो, नगेसिया और सादरी के संरक्षण और संवर्धन का संदेश भी गूंजा। सरगुजावासियों के लिए यह 10वाँ प्रांतीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक पल बन गया है, जहां न केवल अंचल के साहित्यकारों की लेखनी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, बल्कि सरगुजिहा, कुड़ुख, सादरी और कमार जैसी भाषाओं ने प्रांतीय विमर्श में अपनी एक मजबूत और अधिकारपूर्ण जगह बनाई है।



सेवा संकल्प अभियान में लगाया गया स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर, 40 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा और विचारों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव प्रताप सिंह, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, सुनील साहू एवं अशोक सिंह ने की। स्वास्थ्य शिविर में कुल 248 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 212 लैब जांच की गईं। टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 60 एक्स-रे किए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जिसमें 37 पुरुषों एवं 3 महिलाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित सहभागिता के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जनपद सभा कक्ष में आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक सरोकारों और जागरूकता से जुड़े संदेश दिए। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण में 5 तथा चित्रकला में 20 छात्राओं के नाम का चयन जिला कार्यालय भेजने के लिए किया गया जिसमें अंश दुबे, पिंटू राजवाड़े, आस्था यादव, अनामिका यादव, सृष्टि राजवाड़े तथा चित्रकला में पूजा पंडों, डीकलेश पैकरा, गुंजन, अंकिता गुप्ता, गुलाबी राजवाड़े, सिम्मी, सोनाली, लीलावती सहित अन्य छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान रमेश गुप्ता, सावन गोयल, अमन सिंह, विराट सिंह, हेम सिंह, नितिन तिवारी, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, अखंड सिंह, संदीप दुबे,प्रणय सिंह, अभिषेक गुप्ता, डॉ.राकेश सिंह, फूलसाय मराबी, दिनेश देवांगन,कंचन जायसवाल, पुष्पराज तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शिक्षकों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्रपुर को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन मंत्री मणि प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ, लंबित एरियर्स और अवकाश प्रविष्टियों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है।



ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव ने बताया कि रामचंद्रपुर विकासखंड के शिक्षक लंबे समय से विभिन्न सेवा संबंधी कार्यों और लंबित भुगतानों को लेकर परेशान हैं। संगठन ने मांगों का समय-सीमा के भीतर पारदर्शी एवं न्यायसंगत निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से विकासखंड के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिका का संधारण कोष, लेखा एवं पेंशन शाखा अंबिकापुर से शीघ्र पूर्ण कराने, जीपीएफ पासबुक का नियमित संधारण एवं प्रविष्टि करने तथा पूर्व में कटौती की गई जीपीएफ की शेष राशि संबंधित शिक्षकों के एनपीएस खातों में तत्काल हस्तांतरित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा सीजी स्कूल पोर्टल पर शिक्षकों द्वारा लिए गए विभिन्न प्रकार के अवकाश की ऑनलाइन प्रविष्टियां अपडेट करने, लंबित एरियर्स की शेष राशि का शीघ्र भुगतान करने तथा जनगणना एवं चुनाव ड्यूटी में संलग्न शैक्षणिक कर्मचारियों को नियमानुसार विशेष अर्जित अवकाश स्वीकृत कर सेवा पुस्तिका में दर्ज करने की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मणि प्रसाद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव, जिला संरक्षक देववंश यादव, मंटू ठाकुर, लक्ष्मी सोनी, रमन गुप्ता, अवधेश यादव, सुधीर यादव, सुखदेव यादव, विजय यादव, उदय शंकर शर्मा, मनमोहन यादव, सत्यप्रकाश रवि, अजय गुप्ता, चन्द्रदीप यादव, राजेश गुप्ता, निरंजन कुमार, मुल्तान आजाद, हृदय यादव, रीना जायसवाल, स्वाती तिर्की, शमीमुनिशा, इंद्रमणि गुप्ता, नीरु कश्यप, माइकेला लकड़ा, निर्मला जायसवाल, गीता सिंह, कृष्ण कुमार, सतीश यादव, दीनानाथ यादव, राकेश सिन्हा, नन्दलाल गुप्ता, लल्लू यादव, विद्यासागर यादव, विकल्प गुप्ता, फुलझावन सिंह, विजय नेटी, सत्यनारायण यादव एवं दिलीप नायक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

श्राद्ध पक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

अम्बिकापुर। श्राद्ध पक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में सच्चिदानंद पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, प्रताप पाण्डेय, चंद्रभूषण मिश्रा, शशिकुमार साहू और डॉ.विजयप्रसाद शुक्ला के आतिथ्य एवं आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी की। कार्यक्रम के प्रारंभ में रामचरित मानस एवं बीडी लाल और एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सच्चिदानंद पाण्डेय ने श्राद्ध पक्ष की महिमा बताया। काव्यगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने श्राद्ध पक्ष में आ गए, पितर हमारे पास, प्रकाश कश्यप ने श्रद्धा से सुमिरन करें, पितृ जनों को आज, मंशा शुक्ला ने जीते जी इतना कर देना, मत करना तर्पण मर जाने पर, आशा मिश्रा ने तुम्हारे लिए ही जीती हूं और तुम्हारे लिए ही मरती हूं, सीता तिवारी ने आज घर का वह सितारा दूर हमसे हो गया, डॉ.विजयप्रसाद शुक्ला ने सितारों से पूछो बसेरा कहा है, देववंश दुबे ने रंग कुछ जिंदगी में भरने दो, पं.चंद्रभूषण मिश्रा ने ढूंढता ही रहा चले जाने के बाद, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने तोड़ों ना पुष्प पौधों से, प्रदीप सोनी ने सड़क गायब, तालाब गायब, बांध गायब और कया करें गायब, चलो गायब-गायब खेले, अमित प्रेम की हो नया या पुराना यहां पर, कभी प्रेम बंधन नहीं तोड़ना चाहिए, अजय सागर ने जिंदगी में सुख है, दुख है, फूल और कांटे सनम, राजेश पाण्डेय अब्र ने उपवन में भी काशीवासी होते हैं, रामलाल विश्वकर्मा ने देख तसल्ली जिंदगी को, श्यामबिहारी पाण्डेय ने तेरा चेहरा मेरी जां खिला है।

पृष्ठ 1 का शेष

लावाकेरा पुलिस चेकिंग...

टीम एवं थाना तपकरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उड़ीसा की ओर से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। जनवरी से अब तक 8 करोड़ का गांजा जब्त
जनवरी 2026 से अब तक जशपुर पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के कुल 16 प्रकरणों में लगभग 08 करोड़ रुपये कीमत का 1906 किलोग्राम गांजा बरामद कर 22 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त 17 कार एवं 01 पिकअप वाहन जप्त किए जा चुके हैं। नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन आघात निरंतर जारी है।
इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका- मामले में अवैध गांजे की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी तपकरा निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, निरीक्षक संदीप कौशिक, सहायक उप निरीक्षक संतोष चौरसिया, आरक्षक शिवकुमार, विनोद तिर्की सहित जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम एवं थाना तपकरा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी- डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत यह एक बड़ी और महत्वपूर्ण कार्रवाई है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की एंड-टू-एंड जांच कर रही है। गांजा कहां से खरीदा गया, इसके पीछे कौन लोग हैं और इसे उत्तर प्रदेश में किसे पहुंचाया जाना था, इन सभी बिंदुओं पर गहन विवेचना जारी है। नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जशपुर पुलिस नशे के खिलाफ पूरी दृढ़ता और निरंतरता के साथ कार्रवाई करती रहेगी।

जादू टोना का...

सिर, माथे एवं बायें पैर में चोट के निशान पाए गए। पोस्टमार्टम की शॉर्ट रिपोर्ट में चिकित्सक द्वारा मृतक की मृत्यु सिर में लगी चोट एवं अत्यधिक रक्तस्राव के कारण होना लेख किया गया।मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं गवाहों के कथन लिए गए। कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि मृतक जोयो राम को बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमसी 5946 से जानबूझकर टक्कर मारकर उसकी हत्या की गई है।
वाहन की टक्कर से युवक की मौत- 29 सितंबर को शाम करीब 4 बजे आरोपी दीपक यादव, अपने चाचा के बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमसी 5946 को लेकर डाहीडांड़ की ओर गया। वहां जोयो राम मेन रोड से करीब 5-10 मीटर की दूरी पर अपने मक्का खेत के सामने खड़ा था। आरोपी द्वारा वाहन को आगे ले जाकर वापस मोड़कर तेज गति से जानबूझकर जोयो राम को टक्कर मारने की बात मेमोरेण्डम कथन में बताई गई है। वाहन की टक्कर से जोयो राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर बगीचा की ओर फरार हो गया, ताकि घटना को सामान्य सड़क दुर्घटना समझा जाए।
घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त- आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमसी 5946 को पुलिस के समक्ष पेश करने पर गवाहों की उपस्थिति में जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। मामले में थाना बगीचा में धारा 103(1), 61(2) बीएनएस एवं छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धारा 4, 5, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।
फरार आरोपियों की तलाश- मामले में आरोपी के द्वारा अपराध स्वीकार करने व सबूत पाए जाने पर आरोपी दीपक यादव उम्र 21 वर्ष, निवासी जामपानी सरबकोम्बो, थाना बगीचा, जशपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी कर रही है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ग्राम सभाओं में...

अभियान जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत जुमाईकेला (कांसाबेल), ग्राम जरिया (मनोरा), ग्राम पंचायत कुटमा (बगीचा), ग्राम पंचायत डुमरिया (पारसाबहार), ग्राम पंचायत दुलदुला (दुलदुला), ग्राम पंचायत रायकेरा (कुनकुरी), ग्राम पंचायत मधुबन (पत्थलगांव) तथा ग्राम पंचायत पुरानानगर (जशपुर) शामिल रहे। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना रहा।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

मुंबई। मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

लाइफ Style

रूहानी

खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



हॉलीवुड मसाला




32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवाइर्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास'मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

नई दिल्ली। बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।



केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

नई दिल्ली। बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सर्दी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।



हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।



नई दिल्ली। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण'में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियो के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।

दृश्यम 3 : अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

लव : क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट : 'बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।



पूजा मेरी जान : पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

डूइंग लाइफ : फीचर फिल्म डूइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

प्रेम कीटाणु : यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अचीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

वैरायटी : हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

दुपहिया सीजन 2 : धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

खबर संक्षेप

सड़क निर्माण से मिली ग्रामीणों को राहत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को मजबूत करने और आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सड़क निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में फरसाबहार तहसील क्षेत्र के बनमुंडा से लकराघरा मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस सड़क से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से पक्की सड़क की मांग कर रहे ग्रामीणों के लिए यह मार्ग अब सुगम आवागमन का माध्यम बन गया है। बनमुंडा-लकराघरा मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए दैनिक आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता रहा है। पक्की सड़क नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में यहां आवागमन काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण दोपहिया सहित अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती थी। इसका सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, किसानों, मजदूरों और रोजमर्रा के जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले ग्रामीणों पर पड़ता था। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अब ग्रामीणों को इन परेशानियों से राहत मिली है।

दुष्कर्म के मामले मे आरोपी को उम्रकैद

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी अकील साय पहाड़ी कोरवा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार यह आजीवन कारावास की सजा आरोपी के शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक प्रभावी होगी। इसके साथ ही आरोपी पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला धरमजयगढ़ थाने में दर्ज अपराध संबंधित है।

हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण

सेवा सेतु शिविर में ग्रामीणों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सेवा संकल्प अभियान 2026 एवं सेवा मेरा योगदान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में सेवा सेतु शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जा रहा है।

इसी क्रम में विगत दिवस पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम बुलडेगा, मनोरा विकासखंड के ग्राम बेजोंरा तथा जनपद पंचायत बगीचा एवं कांसाबेल क्षेत्र में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं, पात्रता एवं लाभ लेने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर में खाद्य विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों से राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को उनके नए भवन की चाबी सौंपी गई। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को अपने गांव में ही शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी एवं सुविधा मिल रही है। इससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।



एनईएस कॉलेज में मनी गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के मार्गदर्शन एवं सेवा संकल्प अभियान के जिला नोडल डॉ.आनंद राम पैंकरा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धूप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय चेतना के जागरण में महात्मा गांधी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जेपी कुजूर, प्रो. एसईजी लकड़ा, डॉ. सरिता निकुंज, प्रो. कीर्ति किरण, डॉ.हरिकेश कुमार, रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर मनोरंजन कुमार सहित सुरेश कुमार, गौतम यादव, कविता नायक, चांदनी नायक, कर्मा संन्यासी, सीमा भगत, नेहा यादव एवं साहिल सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

बाल-विकास ही विकसित भारत का आधार: शांति





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के सभागार में विकासखंड स्तरीय 'सेवा संकल्प अभियानर' के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्तर के चयनित छात्र छात्राओं के लिए खंड स्तर पर ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति भगत ने कहा कि शासन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यही बच्चे आगे चलकर 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष मनोरा परमेश्वर भगत ने भी बच्चों को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल ने अतिथियों को सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत आयोजित विकासखंड स्तरीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे जनप्रतिनिधियों नें बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकला के अवलोकन के साथ हुआ। विकासखंड के सभी संकुलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रों को प्रदर्शनी में लगाया गया था। इनमें से सर्वश्रेष्ठ चित्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।

4.50 लाख लेकर जमीन की रजिस्ट्री टालते रहे विक्रेता

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र में कृषि भूमि के बिक्री सौदे के बाद रकम लेने के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने का मामला सामने आया है। ग्राम उच्चभिट्ठी में स्थित कृषि भूमि को लेकर आवेदिका ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को जमीन संबंधी विवाद और आपसी लेन.देन का मामला माना है। पुलिस के अनुसारए ऐसे मामले में सीधे पुलिस हस्तक्षेप का प्रावधान नहीं होने के कारण आवेदिका को न्यायालय के समक्ष कार्रवाई करने की सलाह दी गई है। शिकायत के मुताबिक ग्राम उच्चभिट्ठी में खसरा नंबर 692/2 रकबा 0.043 हेक्टेयर कृषि भूमि के लिए 11 जुलाई 2025 को बिक्री का सौदा तय किया गया था।



